आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 28.06.2025 समय: 07.10PM

**मुख्य समाचार :-**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- भारत को विकास के साथ-साथ विरासत को संजोकर आगे बढ़ना चाहिए।
- देवास के खिवनी अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अमले की गई कार्यवाही पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, कहा- सरकार मुश्किल वक्त में गरीबों के साथ।
- अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिला देश में प्रथम।
- मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर सहित 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

**प्रधानमंत्री आचार्य विद्यानंद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने विचारों, दर्शन और ज्ञान के कारण ही हजारों वर्षों से शाश्वत बना हुआ है। आज नई दिल्ली में प्रख्यात जैन संत आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है और इस शाश्वत दर्शन का स्रोत, देश के ऋषियों, संतों और आचार्यों में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आचार्य विद्यानंद मुनि इस प्राचीन भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री विद्यानंद जी ने अपने जीवन को केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी बनाया। श्री मोदी ने कहा कि इसी संकल्प को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार देश के सांस्कृतिक धरोहरों और तीर्थ स्थलों का भी विकास कर रही है। उन्होंने देश को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर विशेष डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया गया।

**प्रधानमंत्री - शुभांशु शुक्ला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से बातचीत की। बुधवार को, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को लेकर एक्सिओम-4 मिशन को अमरीका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। कैप्टन शुक्ला दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं, जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की है। इससे चार दशक पहले विंग कमांडर राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

**सीएम अभ्यारण्य**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास के खिवनी अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अमले द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह को खिवनी पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग को भी निर्देश दिए गए है कि ऐसी कोई कार्यवाही नहीं करें, जिससे वर्षाकाल में लोगों को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नियम प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को दिया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री - मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 123वां एपिसोड होगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**सरकार - रॉ**

केंद्र सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पराग जैन को दो साल के लिए रिसर्च एंड एनालिसिस विंग-रॉ का अगला सचिव नियुक्त किया है। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन, रवि सिन्हा की जगह लेंगे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने पराग जैन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

**मुख्यमंत्री सूरत**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गुजरात के सूरत में आयोजित "मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन" में शामिल होंगे। यह आयोजन “उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025” अभियान की श्रृंखला में बेंगलुरु के बाद दूसरा बड़ा संवाद होगा। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक समूहों से जुड़ाव बढ़ाना, रोजगार के अवसर सृजित करना और निवेश को सुगम बनाना है। इस दौरान डॉ. यादव द्वारा राज्य के औद्योगिक विकास का दीर्घकालिक दृष्टिकोण, अधोसंरचना विस्तार और निवेशकों के लिए बनाए गए भरोसेमंद वातावरण को रेखांकित करेंगे। साथ ही उद्योगपतियों से वन-टू-वन मुलाकात करेंगे, जिसमें निवेश-विशेष साझेदारियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

**अटल पेंशन**

असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्ध अवस्था में आर्थिक संबल प्रदान करने वाली अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिले ने देश में पहला तथा श्योपुर जिले ने तीसरा स्थान अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि सूची में 10 में से 3 जिले मध्यप्रदेश के हैं। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को 60 वर्ष की आयु के बाद एक निश्चित पेंशन राशि प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा अटल पेंशन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में अधिक से अधिक असंगठित क्षेत्र के लोगों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में नए लोगो को जोड़ने और उनका पंजीयन कराने में बालाघाट जिला देश में प्रथम स्थान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कलेक्टर मृणाल मीणा की पहल पर जिले में बैंको द्वारा कृषि, महिला एवं बाल विकास, आजीविका मिशन एवं श्रम विभाग के साथ समन्वय कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 15 जुलाई तक चलेगा।

**रेडियोग्राफर-कांसलगि**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 के अंतर्गत रेडियोग्राफर और लेब टेक्नीशियन के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया के लिये काउंसलिंग एक जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि परीक्षा में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों को काउंसलिंग संबंधी सूचना मोबाइल नंबर एवं ई-मेल पते पर भेजी जाएगी। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं समय-सारणी स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश शासन की आधिकारिक वेबसाइट WWW.health.mp.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश से दो टर्फ के गुजरने की वजह से बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कल कई जिलों में तेज बारिश हुई। आज भी 7 जिलों में भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर के खजुराहो, दमोह, कटनी, शिवपुरी और पन्ना में आकाशीय बिजली गिरने या चमकने से साथ मध्यम से भारी बारिश में जारी रहने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही अशोकनगर, शिवपुरी, ओरछा, सतना, सागर, बालाघाट, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, मैहर, जबलपुर, रीवा, मऊगंज, उज्जैन, भिंड, नरसिंहपुर और डिंडौरी में भी बारिश होने की संभावना जताई है।

**संक्षपि्त समाचार**

1. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज ग्वालियर में कहा कि बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के नाम से स्मारक बनाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण के विकास कार्यों का भूमिपूजन शीघ्र होगा।
2. बैतूल के सांदीपनि शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवनिर्मित भवन का आज शुभारंभ किया गया।
3. भोपाल में आज भगवान जगन्नाथ की तेरहवीं वार्षिक रथयात्रा उत्साह के साथ निकाली जा रही है। इस्कॉन मंदिर से शुरु हुई भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की रथयात्रा में शामिल होने के लिए विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं।
4. नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा के सरदार वल्लभ भाई पटेल मांगलिक भवन में आज आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं का लाभ वितरण किया गया।
5. अशोकनगर कलेक्टर ने वर्षा जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य संस्थानों पर पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाइयां उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए हैं।
6. जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में खाली सीट भरने के लिए अब सीधे प्रवेश दिया जाएगा। इसके तहत एमपी ऑनलाइन के सहयोग से डायरेक्ट एडमिशन की नई व्यवस्था लागू की जा रही है।
7. खंडवा में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से बूथ लेवल अधिकारियों का क्षमता संवर्धन सम्बंधी प्रशिक्षण 3,4,7 और 8 जुलाई को होगा।

**मुख्य समाचार, एक बार फरि**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- भारत को वकिास के साथ-साथ वरिासत को संजोकर आगे बढ़ना चाहिए।**

- देवास के खिवनी अभ्यारण्य क्षेत्र में वन विभाग के अमले की गई कार्यवाही पर मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, कहा- सरकार मुश्किल वक्त में गरीबों के साथ।
- अटल पेंशन योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिला देश में प्रथम।
- मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर सहित 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

-------------------------